कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

विज्ञप्ति संख्याः 32/2024 दिनांकः 18 नवम्बर 2024

नर्सिंग अधिकारी (महिला/पुरुष) डिप्लोमाधारक/डिग्रीधारक परीक्षा– 2024

चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं स्टेट कैंसर इन्स्टीट्यूट, हल्द्वानी के अन्तर्गत नर्सिंग अधिकारी (महिला/पुरुष) डिप्लोमाधारक/डिग्रीधारक के रिक्त 1455 पदों हेतु आयोजित अभिलेख सत्यापन के उपरान्त सूचना

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या उ0चि0से0च0बो0/परी0/18/2023–24/203 दिनांक 11 मार्च 2024 के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों एवं स्टेट कैंसर इन्स्टीट्यूट, हल्द्वानी में समूह 'ग' के अंतर्गत नर्सिंग अधिकारी (महिला/पुरुष) डिप्लोमाधारक/डिग्रीधारक के कुल रिक्त 1455 पदों हेतु सीधी भर्ती के माध्यम से " वर्षवार योग्यताक्रम में, जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा डिग्री/डिप्लोमा में प्राप्त अंकों से प्रकट हो, के आधार पर" चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये गए डाटा के अनुसार वर्षवार योग्यताक्रम में, जैसा कि अभ्यर्थी द्वारा डिग्री/डिप्लोमा में प्राप्त अंकों से प्रकट हो, के आधार पर श्रेणी–उपश्रेणीवार रिक्तियों की संख्या से लगभग डेढ़ गुना (पूर्ण वर्ष को सम्मिलित करते हुए) अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए अभिलेख सत्यापन हेतु दिनांक 09 जुलाई, 2024 (मंगलवार) से दिनांक 16 अगस्त, 2024 (शुक्रवार) तक तथा 11 नवम्बर 2024 को प्रातः 10:00 बजे से कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, भवन संख्या 23 लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड, देहरादून में आमंत्रित किया गया था।

अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन के समय जिन अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन में उल्लिखित मापदण्डों को पूर्ण नहीं किया गया है या अर्हता धारित नहीं करते हैं या वांछित अभिलेख मूल रुप में उपलब्ध नहीं कराये हैं या दावित श्रेणी–उपश्रेणी का वैध प्रमाण पत्र या प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों या अन्य अभ्युक्ति वाले अभ्यर्थियों की विस्तृत सूची अभ्युकित के साथ बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org **पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रेषित की गई है।**

बोर्ड कार्यालय द्वारा जारी अभ्यर्थियों की सूची के सम्बन्ध में यदि कोई अभ्यर्थी अपनी अर्हता/अभ्युक्ति के सापेक्ष कोई कथन लिखित रुप में देना चाहते हैं तो अपना प्रत्यावेदन बोर्ड कार्यालय में ई–मेल ukmssbexam@gmail.com पर, व्यक्तिगत रुप से अथवा किसी माध्यम से निर्धारित प्रारुप के साथ स्वप्रमाणित साक्ष्य सलग्न कर **दिनांक 19 नवम्बर 2024 (मंगलवार) से 30 नम्वम्बर 2024 (शनिवार) सांय 05.00 बजे तक** प्रस्तुत कर सकते हैं। परन्तु यह कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने दस्तावेज मूल में प्रस्तुत नहीं किये हो या उपलब्ध नहीं कराये गये हो उन्हें स्वयं वांछित दस्तावेज के साथ बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। **यह अंतिम अवसर है, उक्त के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदनों पर बोर्ड द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।**

ह0/–
(प्रो0 विजय जुयाल)
परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड,
देहरादून।